@Shajahanpurpol

प्रेस नोटः सराहनीय कार्य 08.03.2023

***थाना जैतीपुर पुलिस को मिली बडी कामयाबी ***

अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे लगभग 01 करोड रूपये कीमत की 01 किलोग्राम (फाइन क्वालिटी) की अफीम बरामद, 02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

श्री एस0 आनन्द, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र , मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियो , वाछित एंव वारंटी, अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम मे श्री संजीव कुमार वाजपेयी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण एंव श्री बी0एस0 वीर कुमार क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन मे थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई ।

दिनांक 07.03.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विकास कुमार के नेतृत्व मे थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा सदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन चैकिंग रात्रि गस्त के दौरान **ग्राम जिगनिया चौराहे से 50 कदम की दूरी ग्राम जिगनिया की ओर समय करीब 09.30 बजे अभियुक्त 1. पुष्पेन्द्र सिँह पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम डोलापुर थाना जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से 500 ग्राम अफीम फाईन क्वालिटी बरामद हुयी व अन्य पुलिस टीम द्वारा पडैनिया पुलिया से ग्राम पडैनिया की ओर समय करीब 10.00 बजे अभियुक्त 2. अनुज प्रताप पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरजू नगला थाना कलान जिला शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया ।** जिसके कब्जे से 500 ग्राम अफीम फाईन क्वालिटी बरामद हुयी। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जैतीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

1. पुष्पेन्द्र सिँह पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम डोलापुर थाना जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर
2. अनुज प्रताप पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरजू नगला थाना कलान जिला शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण

कुल 01 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 01 करोड रुपये)

(अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिंह):-

1. 500 ग्राम अफीम (फाइन क्वालिटी)

(अभियुक्त अनुज प्रताप):-

1. 500 ग्राम अफीम (फाईन क्वालिटी)
2. बुलेट मोटरसाईकिल नम्बर UP24AJ-8695

पंजीकृत अभियोगो का विवरण

1. मु0अ0स0 82/2023 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर बनाम पुष्पेन्द्र सिंह उपरोक्त
2. मु0अ0स0 83/2022 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर बनाम अनुज प्रताप उपरोक्त

पूछताछ विवरण अभियुक्त (पुष्पेन्द्र उपरोक्त)

अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिँह सम्बन्धित मु0अ0स0 82/2023 धारा 8/18 NDPS ACT से सम्बन्धित बरामदगी 500 ग्राम अफीम के सम्बन्ध मे स्त्रोत के बारे मे पूछताछ पर गिरफ्तार शुदा अभियुक्त पुष्पेन्द्र सिंह उपरोक्त ने बताया कि मैं झारखण्ड से ट्रेन के माध्यम से सस्ते दामो मे अफीम खरीद कर लाता हूँ तथा जनपद बदाँयू ,फर्रूखाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे घूम फिर कर अच्छे दामो मे लोगो को बेच देता हूँ आज भी मैं अफीम की बिक्री करने के लिये जा रहा था परन्तु जिगनिया चौराहे पर आपने मुझे पकड लिया है। आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे चोरी छिपे बिक्री करके अपना तथा अपने परिवार का जीवन यापन करता हूँ। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर अफीम के स्त्रोतो के बारे मे टीम गठित कर जानकारी की जा रही है।

<u>पूछताछ विवरण अभियुक्त (अनुज प्रताप)</u>

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त अनुज प्रताप पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हरजू नगला थाना कलान जिला शाहजहाँपुर सम्बन्धित मु0अ0स0 82/2023 धारा 8/18 NDPS ACT से सम्बन्धित बरामदगी 500 ग्राम अफीम की बरामदगी के सम्बन्ध मे बरामदगी व स्त्रोत के बारे मे पूछताछ की गयी तो पूछताछ मे गिरफ्तार शुदा अभि0 अनुज प्रताप पुत्र सतेन्द्र सिंह नि0 ग्राम हरजू नगला थाना कलान जिला शाहजहाँपुर ने बताया कि झारखण्ड से ट्रेन के माध्यम से सस्ते दामो मे चोरी छिपे अफीम लाता हूँ। तथा जनपद बदांयू , बरेली, शाहजहाँपुर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे घूम फिर कर अच्छे दामो मे लोगो को बेच देता हूँ आज भी मैं अफीम की बिक्री करने के लिये बदायूं बरेली क्षेत्र मे जा रहा था। परन्तु आपने पडैनिया पुलिया के पास आपने मुझे पकड लिया है मैं अफीम को मोटरसाईकिल से घूम फिर कर ग्रामीण क्षेत्रो मे अच्छे दाम पर बेच देता हूँ जिससे में अपना खर्चा चलाता हूँ। साहब इससे पहले मैं कभी नही पकडा गया हूँ। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर अफीम के स्त्रोतो के बारे मे टीम गठित कर जानकारी की जा रही है।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री अवधेश कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री सुनील कुमार मौर्य थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2300 अंकित नेहरा थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2685 प्रवीण शर्मा थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 2314 निशांत थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 2775 वैभव रतन थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर